झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :— रा0खा0आ0 (विविध)—22/2022- 957

प्रेषक,

हिमांशु शेखर चौधरी
अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः— 15.12.2022

विषयः— **सिमडेगा एवं गुमला में ईन्टनेट नेटवर्क नहीं रहने के कारण जन वितरण दुकान में राशन वितरण में होने वाली कठिनाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभिन्न जिलों के भ्रमण के दौरान आयोग द्वारा दिनांक—29.11.2022 एवं 30.11.2022 को क्रमशः गुमला एवं सिमडेगा का भ्रमण किया गया। दोनों जिला में मुखिया से संवाद कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के मुखिया द्वारा बताया गया कि बहुत से गांवों में जन वितरण प्रणाली दुकान के आस—पास ईन्टरनेट का नेटवर्क नहीं रह रहा है। नेटवर्क नहीं रहने के कारण डीलर लाभुकों को जन वितरण प्रणाली दुकान से काफी दूर ले जा कर ई—पॉश मशीन में अंगुठे का निशान लेते हैं और बाद में राशन का वितरण किया जाता है। इससे लाभुको को अनावश्यक कठिनाई तो होती है अनाज के विचलन की भी संभावना उत्पन्न हो जाती है। मुखियागण द्वारा यह भी बताया गया कि बड़ी संख्या में लाभुक अनाज लेने नहीं आ रहे हैं। यह भी बताया गया कि असहाय लोगों के अनाज नहीं ले पाने से कोई अप्रीय घटना भी घट सकती है।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला के पदाधिकारियों द्वारा कई ऑनलाईन PDS दुकान के आस—पास ईन्टरनेट नेटवर्क नहीं रहने के तथ्य की पुष्टि की गई। पदाधिकारियों द्वारा नये टावर लगवाने इत्यादि की बात कही गई। यह स्थिति चिन्ताजनक है।

अतः अनुरोध है कि इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था की जाय कि लाभुकों खासकर असहाय व्यक्तियों को बगैर अतिरिक्त परिश्रम के अहर्ता के अनुरूप ससमय अनाज मिल सके।

विश्वासभाजन

15/12/22

(हिमांशु शेखर चौधरी)
अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx326

पता—झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची—834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261